वारण्टी अभियुक्तों पर पिथौरागढ़ पुलिस का कड़ा प्रहार

एस0ओ0जी0 एवं कोतवाली पिथौरागढ़ पुलिस ने 03 वारंटियों को किया गिरफ्तार।
थाना गंगोलीहाट पुलिस ने एक महिला वारंटी को किया गिरफ्तार।

एस0पी0 पिथौरागढ़, श्रीमती रेखा यादव के कुशल नेतृत्व में एवं सी0ओ0 पिथौरागढ़, श्री परवेज अली के पर्यवेक्षण में जनपद पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु लगातार सघन अभियान चलाते हुए उनकी गिरफ्तारी की जा रही है। जिस क्रम में दिनांक- 24.07.2024 को एस0ओ0जी0 प्रभारी उ0नि0 श्री मनोज पाण्डेय के नेतृत्व में एस0ओ0जी0 टीम, हेड का0 अशोक बुदियाल व का0 सोनू कार्की तथा कोतवाली पिथौरागढ़ से वरिष्ठ उ0नि0 श्री मदन सिंह बिष्ट द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय से धारा- 147/323/342/345/451/504/506 भा0द0वि0 के अन्तर्गत जारी गैर जमानतीय वारण्ट के अनुपालन में 03 वारण्टी अभियुक्तों क्रमश: 1. पंकज कुँवर उर्फ कलुवा पुत्र गजेन्द्र सिंह, निवासी- टकाड़ी थाना व जिला पिथौरागढ़ उम्र- 32 वर्ष को टकाना तिराहा से, 2. खड़क सिंह पुत्र स्व0 सुरेन्द्र सिंह कुँवर, निवासी- टकाड़ी पिथौरागढ़ उम्र- 41 वर्ष को थाना परिसर से तथा 3. सुन्दर सिंह वल्दिया पुत्र राम सिंह, निवासी- पौण पिथौरागढ़ उम्र- 30 वर्ष को उसके घर पर दबिश देकर गिरफ्तार किया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक- 25.07.2024 को थानाध्यक्ष गंगोलीहाट, श्री हीरा सिंह डांगी द्वारा माननीय न्यायालय से धारा- 323/504/506 भा0द0वि0 के अन्तर्गत जारी गैर जमानतीय वारण्ट के अनुपालन में एक *महिला वारंटी, इन्दु देवी पत्नी विजय कुमार, निवासी- ग्राम अग्रौन थाना गंगोलीहाट जिला पिथौरागढ़, को चिटगल गाँव के पास से गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त गणों को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की गई।